doubtnut
India's Number 1 Education App

BIOLOGY

BOOKS - NEET PREVIOUS YEAR

सॉल्वड पेपर 2010

जीव विज्ञान

1. निम्नलिखित संरचना युग्मों में से कौन उसके विवरण से सुमेलित है ?

	संरचनाएँ	विवरण
(a)	टिबिया तथा फिबुला	दोनों घुटने की सन्धि के भाग बनाती हैं
(b)	उपास्थि तथा कॉर्निया	कोई रक्त आपूर्ति नहीं होती किन्तु श्वसन हेतु ऑक्सीजन आवश्यक होती है
(c)	कंधे की सन्धि तथा कोहनी की सन्धि	कन्दुक खल्लिका सन्धि
(d)	अग्रचर्वणक तथा चर्वणक दन्त	कुल बीस तथा तीन-जड़ युक्त

वीडियो उत्तर देखें

2. नीचे दिए गए चित्र में A,B,C तथा D द्वारा नामांकित संघटकों की पहचान दी गई सूची (1 से 8) की सहायता से कीजिए।

1. माइटोकॉण्ड्रिया की क्रिस्टी

2. माइटोकॉण्ड्रिया की अन्त:कला

3. कोशिकाद्रव्य

4. चिकनी अन्तःप्रद्रव्यी जालिका

5. रुक्ष अन्तःप्रद्रव्यी जालिका

6. माइटोकॉण्डियल आधात्री

7. रिक्तिका

8. केन्द्रक

A. (A)5 (B)4 (C)8 (D)3

B. (A)1 (B)4 (C)8 (D)6

C. (A)6 (B)5 (C)4 (D)7

D. (A)5 (B)1 (C)3 (D)2

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

3. किसी अन्तः क्षिप्त पदार्थ /औषधि का बिना कोई संकट उत्पन्न किये तीव्रतम वितरण निम्नलिखित में से किस्मे अन्तः क्षेपण द्वारा किआ जा सकता है ?

A. पेशियों में

B. धमनियों में

C. शिराओं में

D. लसीका वाहिकाओं में

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

4. निम्नलिखित में से सत्य कथन का चयन कीजिए।

A. गुणसूत्र बिन्दु (centromere) जन्तु कोशिकाओं में पाया जाता है तथा यह कोशिका विभाजन के दौरान तारक (aster) का निर्माण करता है

B. इन्सुलिन उत्पन्न करने वाला जीन शरीर की प्रत्येक कोशिका में पाया जाता है।

C. न्यूक्लियोसोम न्यूक्लियोटाइड्स द्वारा निर्मित होता है

D. डी.एन.ए. में आठ हिस्टोन्स की एक क्रोड होती है

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

5. नीचे एक परिवार का वंशावली (pedigree) चार्ट दिया गया है। उसका अध्ययन करके लक्षण के सम्बन्ध में सही निष्कर्ष का चयन कीजिए।



A. स्त्री जनक विषमयुग्मजी है

B. जनकों को इस लक्षण के लिए सामान्य पुत्री प्राप्त नहीं हो सकी

C. अध्ययन किया जाने वाला लक्षण वर्णान्धता नहीं हो सकता है

D. पुरुष जनक प्रभावी समयुग्मजी है

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

6. दलहनी पादप सहजीवी नाइट्रोजन स्थिरीकरण की क्रिया द्वारा वायुमण्डलीय ऑक्सीजन स्थिर करने में सक्षम होते है । नाइट्रोजन स्थिरीकरण की प्रक्रिया के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है-

A. लेगहीमोग्लोबिन ऑक्सीजन को हटाने का कार्य करता है तथा गुलाबी रंग का होता है

B. ग्रन्थिकाएँ नाइट्रोजन स्थिरीकरण के स्थल की भाँति कार्य करती हैं

C. नाइट्रोजीनेस एन्जाइम वायुमण्डलीय N2 को NH3 में परिवर्तन को उत्प्रेरित करता है।

D. नाइट्रोजीनेस ऑक्सीजन के प्रति उदासीन होता है

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

7. निम्नलिखित में से कौन-सा एक मरुद्भिद् पादप है, जिसमें तना चपटी, मांसल, मोटी तथा हरी पत्ती के समान संरचना में परिवर्तित हो जाता है?

A. ओपन्शिया

B. कैजुएराइना

C. हाइड्रिला

D. अकेसिया

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

8. नीचे दी गई आकृति एक एन्जाइम द्वारा क्रियाधर का उत्पाद के रूप में परिवर्तन प्रदर्शित करती है। निम्नलिखित चार विकल्पों (A-D) में से कौन अभिक्रिया के A,B,C,D द्वारा नामांकित संघटकों को सही प्रकार से दर्शाता है ?



	A	B	C	D
(a)	स्थितिज ऊर्जा	संक्रमण अवस्था	एन्जाइम सहित सक्रियण ऊर्जा	एन्जाइम के बिना सक्रियण ऊर्जा
(b)	संक्रमण अवस्था	स्थितिज ऊर्जा	एन्जाइम के बिना सक्रियण ऊर्जा	एन्जाइम सहित सक्रियण ऊर्जा
(c)	स्थितिज ऊर्जा	संक्रमण अवस्था	एन्जाइम सहित सक्रियण ऊर्जा	एन्जाइम के बिना सक्रियण ऊर्जा
(d)	एन्जाइम सहित सक्रियण ऊर्जा	संक्रमण अवस्था	एन्जाइम के बिना सक्रियण ऊर्जा	स्थितिज ऊर्जा

A. (A)स्थितिज ऊर्जा (B)संक्रमण अवस्था (C) एन्जाइम सहित सक्रियण ऊर्जा (D) एन्जाइम के बिना ऊर्जा सक्रियण

B. (A)संक्रमण अवस्था (B)स्थितिज ऊर्जा (C)एन्जाइम के बिना ऊर्जा सक्रियण (D) एन्जाइम सहित सक्रियण ऊर्जा

C. (A)स्थितिज ऊर्जा (B)संक्रमण अवस्था (C) एन्जाइम सहित सक्रियण ऊर्जा (D) एन्जाइम के बिना ऊर्जा सक्रियण

D. (A) एन्जाइम सहित सक्रियण ऊर्जा (B)संक्रमण अवस्था (C) एन्जाइम के बिना ऊर्जा सक्रियण (D)स्थितिज ऊर्जा

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

9. निम्न में से कौन जीन क्लोनिंग हेतु प्रयोग किये जाते है-

A. न्यूक्लियोइड्स

B. लोमासोम्स

C. मीजोसोम्स

D. प्लाज्मिड्स

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

10. जब नदी के जल में घरेलू अपशिष्ट मिल जाते हैं, तब

A. नदी का जल पीने पर छोटे जन्तु जैसे चूहे मर जाएँगे

B. बढ़ी हुई सूक्ष्मजीवाणुवीय क्रिया सूक्ष्मपोषक तत्व जैसे लौह को निमुक्त करती है

C. बढ़ी हुई सूक्ष्मजीवाणुवीय क्रिया घुलित ऑक्सीजन का प्रयोग करती है

D. नदी का जल अभी भी पीने योग्य रहता है, क्योंकि अशुद्धता केवल 0.1 प्रतिशत के लगभग होती है

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

11. नीचे चार कथन दिए गए है, जिनमें से प्रत्येक में एक अथवा दो रिक्त स्थान है उस विकल्प का चयन कीजिये जो दो कथनो में रिक्त स्थानों की सही प्रकार से पूर्ति करता है। I.

पक्षियों तथा तितलियों के पंख समान दिखाई देते हैं तथा ये ..... (i) ..... विकास का परिणाम है।

II. मिलर ने प्रदर्शित किया कि जब एक फ्लास्क मेंCH_4, , H_2, NH_3, तथा .....(i)..... में विद्युत विसर्जन किया जाता है तो परिणामस्वरूप .....(ii)..... का निर्माण होता है।

III. कृमिरूप परिशेषिका एक .....(i).....अंग है तथा यह विकास का .....(ii)..... प्रमाण है।

IV. डार्विन के अनुसार विकास .....(i)..... तथा योग्यतम की .....(ii)..... के कारण हुआ है।

A. (D)-(i) लघु विभिन्नताओं (ii) उत्तरजीविता (A)-(i) अभिसारी

B. (A)-(i) अभिसारी (B)-(i) ऑक्सीजन (ii) न्यूक्लियोसाइड्स

C. (B)-(i) जलवाष्प (i) अमीनो अम्ल (C)-(i) अल्पवर्धित (ii) शारीरिकीय

D. (C)-(i) अवशेषी (ii) शारीरिकीय (D)-(i) उत्परिवर्तन (ii) गुणन

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

12. निम्नलिखित में से कौन कपास के पुष्प में दलविन्यास को सही प्रकार से प्रदर्शित करता है?

A.

B.

C.

D.

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

13. निम्नलिखित जीवो में से कौन उसके उतसर्जि अंगो के साथ सुमेलित है-

A. मनुष्य-वृक्क, सिबेशियस ग्रन्थियाँ, अश्रु ग्रन्थियाँ

B. केंचुआ-ग्रसनीय, अध्यावरणी तथा पटीय वृक्कक

C. तिलचटटा-मैल्पीघी नलिकाएँ तथा आन्त्र अंधनाल

D. मेंढक वृक्क, त्वचा तथा मुखीय उपकला

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

14. आकृतियों A, B, C तथा D का विश्लेषण कीजिए। निम्नलिखित विकल्पों में से कौन इन चारों को सही प्रकार से

प्रदर्शित करता है?

A. (A)कारा (B)मार्केन्शिया (C)फ्यूकस (D)पाइनस

B. (A)इक्वीसीटम (B)जिंगो (C)सिलैजिनेला (D)लाइकोपोडियम

C. (A)सिलैजिनेला (B)इक्वीसीटम (C)साल्वीनिया (D)जिंगो

D. (A)फ्यूनेरिया (B)एडिएण्टम (C)साल्वीनिया (D)रिक्सिया

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

15. होमोसेपियन्स के विकासीय इतिहास के दौरान होने वाला सर्वाधिक मुख्य परिवर्तन है -

A. शरीर पर रोगों का हास

B. सीधे खड़े होकर चलना

C. जबड़ों का छोटा होना

D. मास्तिष्क के आकार में विलक्षण वृद्धि

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

16. निम्नलिखित में से किसका जैव अभियांत्रिकीय प्रक्रिया द्वारा व्यपारिओं स्टार पर उत्पादन किया जा रहा है-

A. निकोटीन

B. मॉर्फीन

C. क्विनीन

D. इन्सुलिन

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

17. सोयाबीन का सही पुष्प सूत्र है

A. $\% \text{⚥} K_{(5)} C_{1+(2)+2} A_{(9)+1} G_{\overline{1}}$

B. % ⚥ $K_5\ C_{1+(2)+2}\ A_{(9)+1}\ G_{\underline{1}}$

C. % ⚥ $K_{(5)}\ C_{1+2+(2)}\ A_{(9)+1}\ \bar{G}_{\underline{1}}$

D. % ⚥ $K_{(5)}\ C_{1+2+(2)}\ A_{1+(9)}\ G_{\underline{1}}$

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

18. यदि किसी कारणवश हमारी आंत्रीय उपकला की पैराइटल कोशिकाएँ आंशिक रूप से अक्रिय हो जाएँ तो निम्नलिखित में से क्या प्रभाव होगा-

A. अग्न्याशयी एन्जाइम तथा मुख्य रूप से ट्रिप्सिन एवं लाइपेस प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पाएगें

B. आमाशय की pH एकाएक कम हो जाएगी

C. स्टिएप्सिन अधिक प्रभावी हो जाएगा

D. पेप्सिन द्वारा प्रोटीन्स का प्रोटिओस तथा पेप्टोन्स में जल अपघटन ठीक प्रकार से नहीं हो पाएगा

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

19. निम्नलिखित में से किसे सर्वाधिक उपयुक्त प्रकार से स्पष्ट किया गया है ?

A. पोषी वह जीव है, जो किसी अन्य जीव को भोजन उपलब्ध कराता है

B. एमनसेलिज्म एक सम्बन्ध है, जिसमें एक जाति लाभ प्राप्त करती है, जबकि दूसरी अप्रभावित रहती है

C. परभक्षी वह जीव है, जो भोजन प्राप्त करने के लिए अन्य जीवों को पकड़कर मार देता है

D. परजीवी वह जीव है, जो सदैव किसी अन्य जीव के शरीर के भीतर रहता है तथा उसे मार सकता है।

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

20. निम्नलिखित चार कथनोंA, B, C तथा D को पढ़िये तथा वह एक विकल्प चुनिए जिसमें दोनों कथन सही दिये गये हैं।

कथन :

(A) प्रकाश प्रक्रिया की 7 स्कीम केवल PSI की उपस्थिति में ही होती है।

(B) चक्रीय फोटोफोस्फोरिलेशन में केवल PSI ही क्रियाशील होता है।

(C) चक्रीय फोटोफोस्फोरिलेशन के फलस्वरूप ATP तथा $NADPH(H^+)$ का निर्माण होता है।

(D) स्ट्रोमा लैमीली में PSII तथा NADP रिडक्टेज दोनों ही नहीं होते।

विकल्प :

A. B तथा D

B. A तथा B

C. B तथा C

D. C तथा D

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

21. निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक कैन्सर का पता लगाने हेतु सर्वाधिक सुरक्षित है?

A. मैग्नेटिक रेजोनेन्स इमेजिंग (एम.आर.आई.)

B. रेडियोग्राफी (x-किरणें)

C. कम्प्यूटेड टोमोग्राफी (सी.टी.)

D. हिस्टोपैथोलॉजिकल अध्ययन

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

22. पूर्ण विकसित गर्भ तथा अपरा से उत्पन्न संकेत अन्ततः प्रसव को प्रेरित करते हैं , जिसके लिए आवश्यक होता हैं -

A. अपरा से एस्ट्रोजन का मोचन

B. मातृ पिट्यूटरी से ऑक्सीटोसिन का मोचन

C. गर्भ की पिट्यूटरी से ऑक्सीटोसिन का मोचन

D. अपरा से रिलेक्सिन का मोचन

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

23. निम्नलिखित में से एक हॉमोंन उसके स्रोत तथा कार्य के सही युग्म का चयन कीजिए।

	हॉर्मोन	स्रोत	कार्य
(a)	वैसोप्रेसिन	पश्च पिट्यूटरी	मूत्र द्वारा जल की हानि को बढ़ाता है
(b)	नॉर–एपिनेफ्रीन	एड्रीनल मेड्युला	हृदय स्पन्दन, श्वसन दर तथा चेतना में वृद्धि करता है
(c)	ग्लूकैगॉन	लैंगरहैन्स की द्वीपिकाओं की बीटा–कोशिकाएँ	ग्लाइकोजिनोलाइसिस को प्रेरित करता है
(d)	प्रोलैक्टिन	पश्च पिट्यूटरी	स्त्रियों में स्तन ग्रन्थियों के विकास तथा दुग्ध निर्माण को नियन्त्रित करता है

वीडियो उत्तर देखें

24. यूकैरियोटिक कोशिका में अनुलेखन में आर०एन० ए० स्प्लाइसिंग तथा आर० एन०ए० कैपिंग की क्रियाएँ निम्नलिखित में से किसके भीतर होती है-

A. राइबोसोम

B. केन्द्रक

C. डिक्ट्योसोम

D. अन्तःप्रद्रव्यी जालिका

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

25. मनुष्य के रुधिर के लिए परिसंचरण तंत्र के सम्बन्ध में चार कथन निचे (I-Iv)दिए गए है।

(i)शिराओ की अपेक्षा धमनिया मोती भित्ति युक्त तथा संकरी अवकाशिका (Lumen)वाली होती है।

(ii)एन्जाइना सीने में होने वाला तीव्र दर्द होता है ,जब मष्तिष्क को रुधिर परिसंचरण कम हो जाता है ।

(iii)AB रुधिर वर्ग वाले व्यक्ति ABO तंत्र के अंतरगर्त किसी भी रुधिर वाले व्यक्ति को रुधिर दान क्र सकते है।

(iv)कैल्शियम आयन रुधिर का थक्का जमने की क्रिया में अत्यंत महतवपूर्ण भूमिका निभाते है।

A. A तथा D

B. A तथा B

C. B तथा C

D. C तथा D

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

26. मानव स्त्री में ब्लास्टोसिस्ट

A. रोपण से पहले अपरा का निर्माण करती है

B. अण्डोत्सर्ग के तीन दिन पश्चात् गर्भाशय में रोपित हो जाती है

C. रोपण के पश्चात् गर्भाशयी एण्डोमीट्रियल स्राव से पोषण प्राप्त करती है

D. ट्रोफोब्लास्ट कोशिकाओं द्वारा एण्डोमीट्रियम में रोपित हो जाती है

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

27. एक सामान्य स्वस्थ वयस्क मनुष्य के प्रति 100 मिली रुधिर में हिमोग्लोबिन की मात्रा होती है -

A. 5-11 ग्राम

B. 25-30 ग्राम

C. 17-20 ग्राम

D. 12-16 ग्राम

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

28. अन्त: कवक मूल (endomycorrhiza) का उदाहरण है

A. नॉस्टॉक

B. ग्लोमस

C. एगेरिकस

D. राइजोबियम

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

29. चाय के बागानों में सामान्य रूप से प्रयोग होने वाला पादप वृद्धि हॉरमोन है-

A. इथाइलीन

B. एब्सिसिक अम्ल

C. जीएटिन

D. इण्डोल-3-एसीटिक अम्ल

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

30. नीचे दिए गए चक्र का अध्ययन कीजिए तथा उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें चारों रिक्त स्थानों A , B , C तथा D के लिए क्रमशः सही शब्द दिए गए है।



A. (A)नाइट्रीकरण (B)अमोनीकरण (C)जन्तु (D)पादप

B. (A)विनाइट्रीकरण (B)अमोनीकरण (C)पादप (D)जन्तु

C. (A)नाइट्रीकरण (B)विनाइट्रीकरण (C)जन्तु (D)पादप

D. (A)विनाइट्रीकरण (B)नाइट्रीकरण (C)पादप (D) जन्तु

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

31. पीलिया एक विकार है-

A. उत्सर्जन तन्त्र का

B. त्वचा एवं नेत्रों का

C. पाचन तन्त्र का

D. परिसंचरण तन्त्र का

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

32. क्रैन्ज शारीरिकी निम्नलिखित में से किसकी पत्तियों का एक प्रमुख अभिलक्षण है?

A. आलू

B. गेहूँ

C. गन्ना

D. सरसों

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

33. ऐन्टिराइनम के दो पौधों (दोनों गुलाबी फूलों वाले) के बीच संकरण कराया गया| F_1 पौधों में लाल, गुलाबी तथा सफेद पुष्प, 1 लाल 2 गुलाबी तथा 1 सफेद पुष्प के अनुपात में बनते पाये गए| संकरण में उपयोग में लाये गए दो पौधों का जीनप्रारूप क्या होगा ? पुष्प के लाल रंग का निर्धारण RR जीन तथा सफेद रंग का निर्धारण rr जीन करते है

A. rr rr

B. RR

C. Rr

D. rr

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

34. खाद्य पदार्थों का स्थानान्तरण किसके द्वारा होता है ?

A. सहायक कोशिकाओं (companion cells) द्वारा

B. संवहन ऊतक (transfusion tissue) द्वारा

C. वाहिनिकाओं (tracheids) द्वारा

D. चालनी तत्वों (sieve elements) द्वारा

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

35. निम्नलिखित में से कौन एक उभयलिंगाश्रयी (Monoecious) पादप है?

A. मार्केन्शिया

B. साइकस

C. पाइनस

D. खजूर

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

वीडियो उत्तर देखें

36. जब प्रभावी लक्षण प्रारूप वाले किसी जीव का संकरण इसका जीन प्रारूप ज्ञात करने के लिए किसी अप्रभावी जनक के साथ कराया जाता है, तो इसे कहते हैं

A. एकसंकर संकरण (monohybrid cross)

B. प्रतीप संकरण (back cross)

C. परीक्षार्थ संकरण (test cross)

D. द्विसंकर संकरण (dihybrid cross)

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

37. भारतीय गेंडा निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य का प्राकृतिक प्राणि है?

A. उत्तराखण्ड

B. उत्तर प्रदेश

C. हिमाचल प्रदेश

D. असोम

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

38. नीचे दिए गए पथ का अध्ययन कीजिए निम्नलिखित विकल्पों में से किसमें तीनों रिक्त स्थानों A,B,C के लिए सही शब्द दर्शाए गए हैं?



A. (A)विकाबॉक्सिलीकरण (B)अपचयन (C)पुनरुत्पादन

B. (A)स्थिरीकरण (B)ट्रांसएमीनेशन (C)पुनरुत्पादन

C. (A)स्थिरीकरण (B)विकार्बोक्सिलीकरण (C)पुनरुत्पादन

D. (A)कार्बोक्सिलीकरण (B)विकार्बोक्सिलीकरण (C)अपचयन

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

39. गेहूँ का काला किट्टरोग किसके द्वारा होता है?

A. आल्टरनेरिया सोलेनाई द्वारा

B. अस्टिलैगो न्युडा द्वारा

C. पक्सीनिया मिनिस द्वारा

D. जैन्थोमोनास ओराइजी द्वारा

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

40. निम्न में से किसके स्त्राव में फ्रक्टोज, कैल्सियम तथा कुछ एन्जाइम प्रचुर मात्रा में पाए जाते है-

A. नर सहायक ग्रन्थियाँ

B. यकृत

C. अग्न्याशय

D. लार ग्रन्थियाँ

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

41. प्लाज्मोडियम द्वारा उत्पन्न रोग से पीड़ित व्यक्ति निम्नलिखित में से किस समय आवर्तक शीत तथा ज्वर का अनुभव करता है-

A. जब RBCs से मुक्त स्पोरोज्वॉएट्स शीघ्रता से मारे जाते हैं तथा प्लीहा के भीतर इनका विखण्डन होता है

B. जब ट्रोफोज्वॉएट्स अधिकतम वृद्धि प्राप्त कर लेते हैं तथा कुछ विष उत्पन्न करते हैं

C. जब परजीवी तीव्र गुणन द्वारा RBCs को फाड़कर नयी RBCs में प्रवेश करता है

D. जब WBCs द्वारा लघुयुग्मक जनक तथा दीर्घ युग्मक जनक नष्ट होती हैं

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

42. ABO रक्त समूहों को नियन्त्रण जीन I के द्वारा होता है। इस जीन के तीन युग्मविंकल्पी (allele) होते हैं तथा ये सहप्रभाविता प्रदर्शित करते हैं जिससे छः जीनप्ररूप उत्पन्न होते हैं। संभावित लक्षणप्ररूपों की संख्या बताइये।

A. छः

B. तीन

C. चार

D. पाँच

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

43. एंजाइमो के सम्बंध में निम्नसिखित में से तीन कथन सही है और एक गलत है। गलत कथन को छोटिए-

A. एन्जाइमों को अधिकतम सक्रियता के लिए इष्टतम Ph की आवश्यकता होती है।

B. अधिक तापमान पर एन्जाइमों का विकृतिकरण हो जाता है किन्तु अपवाद स्वरूप कुछ जीवों में ये 80°-90°C पर भी क्रियाशील होते हैं

C. एन्जाइम अत्यन्त विशिष्ट होते हैं

D. अधिकाँश एन्जाइम प्रोटीन होते हैं किन्तु कुछ लिपिड भी होते हैं

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

44. कोशिकाद्रव्य में उपस्थित तंतुमय प्रोटीनी संरचनाओं का सुविकसित जाल जो कोशिका के आकार को बनाए रखने में सहायक होता है, कहलाता है-

A. थायलेकॉइड

B. अन्तःप्रद्रव्यी जालिका

C. जीवद्रव्य

D. कोशिका पंजर

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

45. नीचे दी गई आकृतियाँ (A-D) का निरीक्षण कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें चारों संरचनाओं A, B, C तथा D की सही प्रकार से पहचान की गई है।



	A	B	C	D
(a)	प्रकन्द	बीजाणुधानीधर	ध्रुवीय कोशिका	ग्लोब्यूल
(b)	उपरिभूस्तारी	स्त्रीधानीधर	सिनर्जिड	पुंधानी
(c)	भूस्तारिका	पुधानीधर	एण्टीपोडल्स	अण्डधानी
(d)	अन्त:भूस्तारी	सीटा	गुरुबीजाणु मातृ कोशिका	गेमा कप

A. (A)प्रकन्द (B)बीजाणुधानीधर (C)ध्रुवीय कोशिका (D)ग्लोब्यूल

B. (A)उपरिभूस्तारी (B)स्त्रीधानीधर (C)सिनर्जिड (D)पुंधानी

C. (A)भूस्तारिका (B)पुंधानीधर (C)एण्टीपोडल्स (D)अण्डधानी

D. (A)अन्तः भूस्तारी (B)सीटा गुरुबीजाणु (C)मातृ कोशिका (D)जेमा कप

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

46. जड़ का विकास प्रेरित होता है-

A. एब्सिसिक अम्ल द्वारा

B. ऑक्सिन द्वारा

C. जिबरेलिन द्वारा

D. इथाइलीन द्वारा

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

47. निम्नलिखित चार कथनों I, II, III तथाIV को पढ़िए तथा दो सही कथनों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

I. वैक्सीलरी दलविन्यास में एक बड़ा पश्च दल ध्वजक (Standard), दो पाश्वीय दल पक्ष (Wings) तथा दो छोटे अग्र दल नौतल (Keel) कहलाते हैं।

II. लिलिएसी कुल का पुष्पसूत्र

$$Br \oplus \overset{\nearrow}{\underset{\nwarrow}{\circ}} P_{3+3} A_{3+3} G_{\underline{3}}$$

होता है।

III. मटर के पुष्प में पुंकेसर एकसंघी (Monadelphous) होते हैं।

IV. सोलेनेसी कुल का पुष्पसूत्र

$\oplus$ ⚥ $K_{(3)}C_{(3)}A_{(4)}G_{(2)}$ होता है।

A. A तथा C

B. A तथा B

C. B तथा C

D. C तथा D

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

48. नीचे एक जीवाणुभोजी का चित्र दिया गया है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प जीवाणुभोजी के A, B, C तथा D द्वारा नामांकित भागों को सही रूप से प्रदर्शित करता है?



A. (A)पुच्छ तन्तु (B)शीर्ष (C)आच्छद (D)कॉलर

B. (A)आच्छद (B)कॉलर (C)शीर्ष (D)पुच्छ तन्तु

C. (A)शीर्ष (B)कॉलर (C)आच्छद (D)पुच्छ तन्तु

D. (A)कॉलर (B)पुच्छ तन्तु (C)शीर्ष (D)आच्छद

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

49. अनुवांशिक abhiyantriki में, एक vanchit DNA खंड (जीन) को वाहक की सहायता से पोषी कोशिका में स्थानांतरित किया जाता है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित चार कारको (A -D) को ध्यान में रखते हुए सही विकल्प का

चयन कीजिए। जिसमे इनमे से एक अथवा अधिक का प्रयोग वाहक/वाहको की भाँती किया जा सके।

(A) जीवाणु

(B) प्लाज्मिड

(C) प्लाज्मोडियम

(D) जीवाणुभोजी

A. केवल A, B तथा D

B. केवल A

C. केवल A तथा C

D. केवल B तथा D

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

50. निम्नलिखित में से किसका प्रयोग प्लेग के प्रति टीके के निर्माण में नहीं किया जा सकता है?

A. उग्र (virulent) जीवाणुओं का फॉर्मेलीन-अक्रिय निलम्बन

B. अनुग्र (avirulent) जीवित जीवाणु

C. संश्लेषित सम्पुटीय (synthetic capsular) पॉलीसैकेराइड पदार्थ

D. ऊष्मा द्वारा मृत उग्र (virulent) जीवाणुओं का निलम्बन

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

51. मॉर्गन तथा उनके सहयोगियों द्वारा वंशाशति के गुणसूत्रीय सिद्धान्त के प्रायोगिक सत्यापन हेतु फलमक्खी अर्थात् ड्रॉसोफिला मीलेनोगैस्टर को सर्वाधिक उपयुक्त पाया गया क्योंकि

A. यह अनिषेकजनन द्वारा जनन करती है

B. एक बार संगम से ही दो युवामक्खियाँ उत्पन्न होती हैं

C. छोटी मादा मक्खी, बड़ी नर 'मक्खी से अलग सरलतापूर्वक पहचानी जा सकती है

D. यह लगभग दो सप्ताह में अपना जीवन-चक्र पूर्ण कर लेती है

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

52. लैक ओपेरॉन में सम्मिलित होते हैं

A. केवल चार नियन्त्रक जीन्स

B. एक नियन्त्रक जीन तथा तीन संरचनात्मक जीन्स

C. दो नियन्त्रक जीन्स तथा दो संरचनात्मक जीन्स

D. तीन नियन्त्रक जीन्स तथा तीन संरचनात्मक जीन्स

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

53. मगरमच्छ और पेंगुइन निम्नलिखित में से किस एक बात में हेल तथा डॉगफिश के समान होते है

A. एक ठोस एक-रज्जुकी केन्द्रीय तन्त्रिका तन्त्र की उपस्थिति

B. अण्डे देना तथा उनके स्फुटन तक उनकी रक्षा करना

C. अस्थीय कंकाल की उपस्थिति

D. जीवन की किसी अवस्था पर क्लोम विदर की उपस्थिति

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

54. सही विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें संरचना, उसकी स्थिति तथा कार्य सुमेलित हैं।

संरचना	स्थिति	कार्य
(a) यूस्टेकियन नलिका	अन्त:कर्ण का भीतरी भाग	टिम्पेनिक कला के दोनों ओर वायु दाब को समान रखती है
(b) अनुमस्तिष्क (cerebellum)	मध्य मस्तिष्क	श्वसन तथा जठर स्राव का नियंत्रण करता है
(c) अधश्चेतक (hypothalamus)	अग्र मस्तिष्क	शरीर के ताप तथा खाने-पीने की इच्छा का नियन्त्रण करता है
(d) अन्ध बिन्दु	उस स्थान के निकट जहाँ दृक (optic) तन्त्रिका नेत्र से निकलती है	यहाँ शलाका तथा शंकु उपस्थित होते हैं किन्तु अक्रिय होते हैं

वीडियो उत्तर देखें

55. कुछ जीवों के अभिलक्षणों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों (A-D) के सही संयोजन का चयन कीजिए।

A. मीथेनोजेन आर्किबैक्टीरिया हैं जो दलदली स्थानों पर मीथेन उत्पन्न करते हैं

B. नॉस्टॉक एक तन्तुमय नील-हरित शैवाल है जो वायुमण्डलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करता है

C. रसायनसंश्लेषी स्वपोषी जीवाणु ग्लूकोस से सेल्युलोस का संश्लेषण करते हैं

D. माइकोप्लाज्मा में कोशिका भित्ति का अभाव होता है तथा ये ऑक्सीजन के बिना जीवित रह सकते हैं

A. B,C

B. A,B,C

C. B,C,D

D. A,B,D

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

56. निम्नलिखित में से कौन सामान्य मनुष्य के कंकाल के एक भाग का सही विवरण है?

A. करोटि की पैराइटल अस्थि तथा टैम्पोरल अस्थि तन्तुमय सन्धि द्वारा परस्पर जुड़ती हैं

B. एक्सिस प्रथम कशेरुक है जो ऑक्सिपिटल अस्थिकन्द (condyle) के साथ जुड़ती है

C. 9वीं तथा 10वीं जोड़ी की पसलियाँ, मुक्त (floating) पसलियाँ कहलाती हैं

D. ग्लीनॉयड गुहा एक गर्त है, जिसमें जाँघ की अस्थि जुड़ती है

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

57. पिस्टिया में कायिक प्रवर्धन किसके द्वारा होता है

A. भूस्तारी (stolen) द्वारा

B. भूस्तारिका (offset) द्वारा

C. उपरिभूस्तारी (runner) द्वारा

D. अन्त:भूस्तारी (sucker) द्वारा

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

58. नीचे एक रन्ध्र उपकरण (stomatal apparatus) का चित्र दिया गया है। निम्नलिखित विकल्पों में से कौन इस चित्र के A, B,C तथा D द्वारा नामांकित भागों को सही प्रकार से दर्शाता है?



A. (A)सहायक कोशिका (B)उपत्वचीय कोशिका (C)द्वार कोशिका (D)रन्ध्र मुख

B. (A)द्वार कोशिका (B) रन्ध्र मुख (C) सहायक कोशिका (D)उपत्वचीय कोशिका

C. (A)उपत्वचीय कोशिका (B) द्वार कोशिका (C)रन्ध्र मुख (D) सहायक कोशिका

D. (A)उपत्वचीय कोशिका (B)सहायक कोशिका (C)रन्ध्र मुख (D) द्वार कोशिका

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

59. निम्नलिखित मे से कौन वन के पारितंत्र मे संख्या के पिरामिड को प्रदर्शित करता है ?

A



B



C



D

A. D

B. A

C. B

D. C

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

60. किसी पॉलीन्यूक्लियोटाइड श्रृंखला में 3'-5' फॉस्फोडाइएस्टर बन्ध, जोड़ने का कार्य करते हैं

A. एक डी.एन.ए. रज्जुक को अन्य डी.एन.ए. रज्जुक से

B. एक न्यूक्लियोसाइड को अन्य न्यूक्लियोसाइड से

C. एक न्यूक्लियोटाइड को अन्य न्यूक्लियोटाइड से

D. एक नाइट्रोजीनस क्षारक को पेन्टोस शर्करा से

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें